भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3327
उत्तर देने की तारीख 09 अगस्त, 2023

सुकन्या समृद्धि खाते

3327. श्री पी. सी. मोहन :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सुकन्या समृद्धि योजना के प्रारंभ होने के बाद से बेंगलुरू में इसके अंतर्गत खोले गए खातों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) बेंगलुरू में माता-पिता और अभिभावकों के बीच सुकन्या समृद्धि योजना के विषय में जागरूकता पैदा करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं;

(ग) क्या सरकार ने बेंगलुरू में सुकन्या समृद्धि खाते खोलने की सुलभता और सुविधा सुनिश्चित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) बेंगलुरू में सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत दी जाने वाली ब्याज दरों का ब्यौरा क्या है और समय के साथ इसमें क्या परिवर्तन किए गए हैं; और

(ङ) क्या बेंगलुरू में सुकन्या समृद्धि योजना का कोई मूल्यांकन अथवा प्रभाव आंकलन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके निष्कर्ष और परिणाम क्या रहे हैं?

उत्तर

संचार राज्य मंत्री
(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) सुकन्या समृद्धि योजना की शुरुआत से अब तक बेंगलूरू में 3,33,228 सुकन्या समृद्धि खाते खोले गए हैं।

(ख) उक्त योजना के संबंध में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से डाक कार्मिकों द्वारा स्कूलों, आंगनवाड़ियों आदि में जाकर और प्रमुख स्थानों पर, नियमित अंतराल पर मेले आयोजित कर प्रचार किया जाता है। इसके अतिरिक्त, पैम्फलेट बांट कर, विज्ञापन देकर और रेडियो जिंगलस एवं सोशल मीडिया आदि के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार किया जाता है।

(ग) जी, हां। बेंगलूरू के सभी डाकघरों में सुकन्या समृद्धि खाते खोले जाते हैं।

(घ) इस योजना की शुरुआत से अब तक की ब्याज दरों का विवरण निम्नानुसार है :-

दिनांक (से)	दिनांक (तक)	ब्याज दर (%)
21/01/2015	31/03/2015	9.10
01/04/2015	31/03/2016	9.20
01/04/2016	30/09/2016	8.60
01/10/2016	31/03/2017	8.50
01/04/2017	30/06/2017	8.40
01/07/2017	31/12/2017	8.30
01/01/2018	30/09/2018	8.10
01/10/2018	30/06/2019	8.50
01/07/2019	31/03/2020	8.40
01/04/2020	30/04/2023	7.60
01/07/2023	30/09/2023	8.00

(ङ) जी, नहीं। बेंगलूरू में इस योजना का मूल्यांकन/प्रभाव आंकलन नहीं किया गया है।

*****